विश्व एड्स दिवस पर जन अभियान परिषद ने चलाया जागरुकता अभियान

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। विश्व एड्स दिवस पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से संचालित सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम की बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू की क्लास में रविवार को प्रधानमंत्री कॉलेज एक्सीलेंस शासकीय पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा में बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने अपने मेंटर्स की उपस्थिति में विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला में एच आई वीएएड्स किन कारणों से होता है।

एड्स का ज्ञान बचाए जान, एड्स की जानकारी ही बचाव है, एड्स एक लाइलाज बिमारी है सहित एच.आई.बी. एड्स पीड़ित के परिजनों को भी समाज में जीने का पूरा अधिकार है कैसे हम एच.आई.वी. पीड़ित व्यक्ति को सुरक्षित इलाज से एड्स होने से बचा सकते है इत्यादि एड्स संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, परामर्शदाता एवम एड्स विषय के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर विनोद तिवारी, परामर्श दाता लता नागले, तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू ने एड्स विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी स्टूडेंट से साझा की एवम एड्स के बचाव के कारण बताए सभी को रेड रिबन लगाकर एड्स के प्रति जागरूकता लाई।

विषय विशेषज्ञों ने कहा की कोई एच आई वी एड्स महिला स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है साथ ही कोई भी एच आई वी पीड़ित व्यक्ति समय पर इलाज से एड्स होने से बच सकता है। कभी भी एड्स पीड़ित व्यक्ति के साथ गले मिलने खाना खाने से एड्स नहीं फैलता बल्कि संक्रमित व्यक्ति के लगाए सीरीज से दूसरे व्यक्ति के उपयोग करने या अन्य कारणों से एड्स हो सकता है इससे बचना चाहिए। कार्यक्रम में सभी को एड्स के प्रति जागरूक रहने एवम अपने प्रयोगशाला ग्राम जुग्गी बस्तियों में लोगो को एड्स की जानकारी देकर जागरूक करने संकल्प लिया।

चिदायतन पंचकल्याणक का शुभारंभ

छिन्दवाड़ा सहित पूरे विश्व से शामिल हुए जैनबंधु

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। पौराणिक नगरी हस्तिनापुर में बने सुंदर एवं मनोहारी श्री शांतिनाथ दिगंबर जिनालय तीर्थधाम चिदायतन का भव्य एवं मंगलमय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का मंगलमय शुभारंभ रविवार 1 दिसंबर से हुआ। जिसमें छिंदवाड़ा सहित पर विश्व से हजारों की संख्या में जैन बंधु सम्मिलित हुए।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि मंगलमय महोत्सव पर प्रात: काल की मंगल बेला पर बड़े जैन मंदिर से श्री जिनेन्द्र शौभायात्रा निकली गई जो मंगलगान के साथ महोत्सव स्थल हस्तिनापुर नगरी पहुंची।

शौभायात्रा ने बाल तीर्थंकर के माता-पिता, सौधर्म इंद्र एवं इंद्राणी के साथ अपार जन समुदाय मंगलगान के साथ महोत्सव स्थली हस्तिनापुर नगरी पहुंचा जहां श्री जिनेन्द्र पूजन कर

ध्वजारोहण किया गया।

आपको बता दें महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी पंडित अभिनंदन शास्त्री, निर्देशक पंडित रजनी भाई दोशी एवं मंच निर्देशक पंडित संजय शास्त्री जेवर एवं मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन छिंदवाड़ा हैं । जिनका महोत्सव समिति के अध्यक्ष अजीत जैन दिल्ली एवं सौधर्म इंद्र स्वप्निल जैन ने अभिनंदन किया।

इस अवसर डी.पी.एस. स्कूल पावना के बच्चों ने सुंदर मंगलाचरण पर नृत्यगान कर सभी का मन जीत लिया इस अवसर पर प्रतिष्ठा मंडप, मंच के साथ श्री जिन मंदिर एवं जिनवाणी संवर्धन केंद्र पौनूर का शुभारंभ कर महोत्सव का विधिवत् उदघाटन किया गया, दोपहर में यांग मंडल विधान एवं संध्या के समय बच्चों की पाठशाला, श्री जिनेन्द्र भक्ति के बाद मंगल प्रवचनों का लाभ सकल समाज को मिला, रात्रि के समय बाल तीर्थंकर की माताजी के सुंदर सोलह स्वप्नों का वर्णन का चित्रण किया गया। मंगल महोत्सव आगामी 6 दिसंबर तक चलेगा जिसमे छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश एवं भारत के साथ अमेरिका, लंदन, कनाडा, सिंगापुर सहित पूरे विश्व से हजारों विद्वतजन एवं जैन बंधु हस्तिनापुर पधारे हैं। जो आगामी 6 दिनों तक भक्त से भगवान बनने वाले मंगल महोत्सव का लाभ लेंगे। जिनका महोत्सव समिति द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया।

सार-समाचार

स्व. सूरसिंह वर्मा की स्मृति में गीता स्वाध्याय आयोजित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। स्व. सूरसिंह वर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष म.प्र. तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता की स्मृति में उनके पुत्र संजय वर्मा के द्वारा छितिया बाई का बाड़ा में गीता स्वाध्याय संपन्न हुआ।

विश्वगीता प्रतिष्ठानम् के सचिव कश्मीरी लाल बत्रा के अनुसार केन्द्रीय सप्तोत्सव प्रमुख नेमीचन्द व्योम के मार्गदर्शन में भगवत गीता के अध्याय 16 (दैवासुर सम्पद् विभाग योग) के श्लोक 13 से 24 तक का आदर्श गायन एवं अनुगायन किया गया। तत्पश्चात् प्रत्येक उपस्थित गीतानुरांगी ने एक श्लोक तथा अर्थ का वाचन किया। निर्मलाचार्य ने संगीतमय व्याख्या प्रस्तुत किया। कुणाल मोटर्स के संचालक रमेश मिगलानी ने गीता के कर्मयोग पर हृदयग्राही व्याख्यान किया। उपस्थित जन समूह के अनुरोध पर भारत विभाजन की त्रासदी एवं संघर्ष तथा यहाँ आकर परिश्रम करके कारोबार स्थापित करने का अनुभव साझा किया। अजय सिंह रघुवंशी ने सुभाषित तथा पंढरीनाथ दारोकर, पूर्व कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग ने अमृत वाचन प्रस्तुत किया। स्वाध्याय में प्रमुखत: शंकरलाल साहू, निरपत सिंह वर्मा, अजय सिंह वर्मा, गोपीचन्द राय, कमलेश गोनेकर, महेन्द्र सिंह राठौड़, कमला वर्मा, सीमा रघुवंशी, विमला वर्मा आदि ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया।

एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने शिवसेना ने किया अभिषेक

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। राज्य प्रमुख राजू चतुर्वेदी के निर्देश अनुसार वीआईपी रोड स्थित श्री पिपलेश्वर शनि मंदिर में शिवसेना जिला अध्यक्ष विज्जू दाई के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को दोबारा मुख्यमंत्री बनाए जाने को लेकर की अभिषेक किया गया जिसमें शिवसेना जिला अध्यक्ष विज्जु दाई, शिवसेना सचिव भवानी पगारे, शिवसेना कोषाध्यक्ष महेंद्र अहिरवार, सुनील थापा, करण तीनस, नरेंद्र मालवी, राजू ठाकुर, नीलू बुनकर, प्रणय, राहुल सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे।

श्री सुन्दरकांड ग्रुप द्वारा लालबाग में संगीतमय सुन्दरकांड का महापाठ

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। धार्मिक और सामाजिक सेवा का संगम कहे जाने वाला श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगों के बुलावे पर नि:शुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है साथ सामाजिक कार्य भी किये जाते है। इसी क्रम में ग्रुप द्वारा राजेश खत्री के निज निवास शिमपोलो शोरूम के ऊपर लालबाग में, में संगीतमय सुन्दरकाण्ड का महापाठ किया गया साथ ही हनुमानजी जी महाराज की लीलाओं का व्याखान एवं प्रभु श्री रामजी की फोटो फ्रेम देकर भेंट की गईं।

ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि यूट्यूब में ग्रुप के चैनल में भी लाइव प्रसारण देख सकते है ग्रुप द्वारा कई वर्षों से धर्म का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है साथ ही सभी को जोड़ा जा रहा हैं। आगामी शनिवार को अमरवाड़ा में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ किया जाएगा।

ढोल-मंजीरे की थाप और पुष्पवर्षा के साथ खुले पातलाकोट के चिमटीपुर में होम स्टे

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए जा रहे पर्यटन ग्राम चिमटीपुर में तीन होम स्टे का लोकार्पण रविवार को कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने यहाँ बिजली, पानी और सड़क की सुविधाएं और बेहतर करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अच्छी एक्टिविटी करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार भी उपस्थित थे।

व्यू प्वाइंट से पैदल पहुंचे चिमटीपुर

कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार अधिकारियों की टीम के साथ चिमटीपुर के व्यू पाइंट पर पहुंचें और वहाँ से जंगल-पहाड़ के रास्ते पैदल चिमटीपुर पहुंचे। यहाँ पहुंचने पर चिमटीपुर पर्यटन विकास समिति की तरफ से गेड़ी नृत्य टीम ने उनका स्वागत किया।

होम स्टे लोकार्पित कर हितग्राहियों से की बात

टूरिज्म बोर्ड ने परार्थ समिति के माध्यम से चिमटीपुर में पांच होम स्टे बनवाए हैं, इनमें से तीन का लोकार्पण रविवार को कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने होम स्टे संचालकों से पर्यटकों को दी जाने वाली सुविधाओं, उनके लिए की जाने वाली एक्टिविटी की विस्तार से जानकारी ली। पर्यटकों के साथ विनम्रता पूर्वक और शालीन व्यवहार करने का सुझाव दिया। होम स्टे का निरीक्षण करके उन्होंने इसकी बनावट, सजावट और पेंटिंग की तारीफ की।

चौपाल में सुनी समस्याए निराकरण के निर्देश दिए

कलेक्टर शीलेंद्र सिंह व सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार ने होम स्टे परिसर में चौपाल लगाकर चिमटीपुर के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बिजली, पानी और सड़क की समस्या बताई। कलेक्टर श्री सिंह ने तत्काल जिला स्तर के अधिकारियों को फोन पर एक सप्ताह के अंदर यहां की समस्या निराकरण करके रिपोर्ट देने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चिमटीपुर में पर्यटकों का आना-जाना बढ़ेगा, उन्हें कोई असुविधा न हो, इसके लिए यहां के कार्य प्राथमिकता से हों।

पालथी मारकर दोने-पत्तल में किया देशी भोजन

चिमटीपुर में पर्यटकों को भोजन दोने-पत्तल में परोसा जाएगा। लोकार्पण के बाद कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों को ऐसे ही भोजन कराया गया। कलेक्टर शीलेंद्र सिंह व सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार भी जमीन पर पालथी मारकर बैठे और मक्के की रोटी, चने की भाजी, चटनी, कुटकी के चावल, बेवरी की खीर का आनंद लिया।

पर्यटकों के लिए बहुत किफायती टूर पैकेज

चिमटीपुर पर्यटन विकास समिति ने पर्यटकों के लिए बहुत ही किफायती टूर पैकेज बनाया है। महज तीन हजार रुपए में दो लोग और एक बच्चे के लिए 24 घँटे रुकना, दो समय शुद्ध देसी भोजन व सुबह की चाय-नाश्ता होम स्टे में पर्यटकों को दिया जाएगा। साथ ही नृत्यए गाइड सहित ट्रेकिंग की एक्टिविटी भी होगीए जिसका शुल्क बहुत ही न्यूनतम रखा गया है।

ये रहे उपस्थित

होम स्टे लोकार्पण में जुन्नारदेव एस.डी.एम. कामिनी ठाकुर, तामिया जनपद सी.ई.ओ. संतोष मांडलिक, तामिया तहसीलदार युवराज बालरे, जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत, पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी, परार्थ समिति से मंजरी चांदे, सगीर खान, आईजीएस से सनोद नागवंशी, सतपुड़ा सेल्फ से अजय खोबरे सहित जनप्रतिनिधिगण

एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बताए एड्स के कारण और प्रभाव

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाडा के रेड रिबन क्लब एवं एन एस एस इकाई के तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर संस्था की प्राचार्य प्रो. एस. हाबिल के मार्गदर्शन में तथा एन.एस.एस. के जिला संगठक एंव रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. रविंद्र नाफ्ड़े के नेतृत्व में नारा लेखन, निबंध, परिचर्चा और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों ने एच.आई.वी. एड्स रोकथाम एवं रक्तदान को बढ़ावा देने के संदेश के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

रेड रिबन क्लब प्रभारी ने उपस्थित युवाओं को लघु फिल्म दिखाकर एड्स से बचाव ही उपाय है विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए जागरूक किया। स्वयं सेवक अमन वर्मा ने कहा- आओ मिलकर कसम ये खायें, एड्स को हम सब जग से मिटाये। एवं

अतुल मसराम ने कहा- ना साथ रहने से फैलेगा, ना ही छूने से फैलेगा। एच.आई.वी. एड्स तो सिर्फ असावधानी से फैलेगा। नारों के द्वारा संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने सपना शर्मा, पुष्पा बैस, सुनील राउत तथा आर आर सी के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश ने नववर्ष 2025 के कैलेंडर का किया विमोचन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश जिला इकाई छिंदवाड़ा द्वारा नववर्ष 2025 के कैलेंडर का विमोचन प्रस्तावित वैश्य भवन के प्लॉट, लालबाग में गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कैलेंडर में जनउपयोगी जानकारी के साथ संगठन की विभिन्न गतिविधियां एवं संपूर्ण मध्य प्रदेश के वरिष्ठ इकाई, महिला इकाई, युवा इकाई सहित समस्त पदाधिकारी की विस्तृत जानकारी प्रकाशित हुई है। विमोचन समारोह में प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी, प्रदेश मंत्री रमेश जाखोटिया, जिलाध्यक्ष अनिल सिंघई, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज भारद्वाज, कोषाध्यक्ष अशोक पाटौदी, संभागीय अध्यक्ष महिला इकाई किरण सोनी, जिला प्रभारी महिला इकाई सविता पाटनी, जिलाध्यक्ष महिला इकाई अनिता गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष युवा इकाई विकास वात्सल्य, जिला प्रभारी युवा इकाई धर्मेंद्र साहू, जिलाध्यक्ष युवा इकाई विशाल माहेश्वरी सहित बड़ी सदस्य संख्या में सदस्य उपस्थित रहे ।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 247 मरीजों ने कराया पंजीयन, 245 का हुआ उपचार

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में 73 वां स्वास्थ्य शिविर अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिलक में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 247 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 245 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गये 2 गंभीर मरीजो को रेफर किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से मोनिका बट्टी, संतोष यादव, मनोज नेमा, मुन्ना भारती अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हमारे सांसद चाहते कि प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ्य रहे इसलिए वे हर गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रहे है और यह शिविर आगामी अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म जयंती अवसर तक लगातार जारी रहेगा और सभी को शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

74वां स्वास्थ्य शिविर आज

कपूर्दा में चौरई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कपूर्दा में आज 74 वा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी ने क्षेत्र के नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच कराकर इलाज कराने की अपील की है।

भारतीय बौद्ध महासभा डॉ. अम्बेडकर अभिवादन सभा का करेगी आयोजन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष एड. रमेश लोखंडे द्वारा बताया की भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 06 दिसंबर 2024 को भारतीय बौद्ध महासभा त्रिरत्न जनकल्याण समिति, सुजाता महिला संघ के द्वारा छिंदवाड़ा के डॉ. आम्बेडकर तिराहे पर डॉ. आंबेडकर अभिवादन सभा का आयोजन प्रात: 10.30 बजे से किया जाना सुनिश्चित किया गया है, सर्वप्रथम भगवान बुद्ध के छायाचित्र, डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि माल्यार्पण, पंचशील ध्वजारोहण, जय भीम सलामी, सामूहिक बुद्ध वंदना, अभिवादन सभा मे डॉ. आंबेडकर के जीवनी पर उद्बोदन होंगे। अभिवादन सभा पर त्रिरत्न जनकल्याण समिति, सुजाता महिला संघ डॉ. आम्बेडकर स्टूडेंट यूनियन जयभीम सेना गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। डॉ. आंबेडकर अभिवादन सभा पर उपस्थित होने हेतु भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष एड. रमेश लोखंडे, जिला उपाध्यक्ष एड. राजेश सांगोड़े, सचिव सतीश गोंडाने, प्रदीप मानगुर्दे, त्रिरत्न जनकल्याण समिति संरक्षक एस.आर. बेले, मनोहर नारनवरे, डॉ. सुनील श्यामकुँवर, भीमराव सोमकुंवर, सुजाता संघ, अध्यक्ष चन्द्रकला बेले, सचिव ममता सहारे, कोषाध्यक्ष लीला नारनवरे, जय भीम सेना प्रमुख शिवम् पहाड़े, जे. एस.यू पूर्व जिला अध्यक्ष मिथुन धुर्वे, नीलेश माण्डेकर, सहित कई पदाधिकारियों द्वारा तमाम उपासक उपासिका एवं भीमसैनिको उपस्थित होने की अपील की है।

छिन्दवाड़ा बहुत सुंदर जिला है : मनीष खत्री

प्रेस क्लब छिन्दवाड़ा में कार्यक्रम आयोजित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। छिंदवाड़ा के पत्रकारों की संस्था प्रेस क्लब छिंदवाड़ा द्वारा जिले के पूर्व पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई तो वहीं नवागत पुलिस अधीक्षक अजय पांडे का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अतरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह सहित छिंदवाड़ा पुलिस रेंज के आर.आई. मुख्यालय के तीनों थानों के थाना प्रभारी यातायात प्रभारी सहित धरमटेकरी चौकी प्रभारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने पूर्व पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए और शुभकामनाएं दी वहीं नवागत पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के सहियोगी के साथ आगामी समय के लिए शुभकामनाएं दीं।

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने छिंदवाड़ा में बिताए अपने कार्यकाल एवं छिंदवाड़ा मीडिया से उनके संबंधों पर प्रकाश डाला। साथ ही नवागत पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने भी विश्वास दिलाया के छिंदवाड़ा में कानून व्यवस्था उत्तम रहे इस के लिए वे पूर्ण प्रयास करेंगे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया के छिंदवाड़ा प्रेस और पुलिस के बीच सकारात्मक सामंजस्य बना रहे इसके लिए किस तरह वे प्रयास करते हैं ।

कार्यक्रम में प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार रत्नेश जैन ए राजेश करमेले, अजय द्विवेदी, क्लब अध्यक्ष सचिन पांडे, उपाध्यक्ष शक्ति दुबे, नीरज सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, सह सचिव अफ्फक हुसैन, सावन पाल, आशीष मिश्रा, अमित द्विवेदी, श्याम साहू, जितेंद्र राजपूत, अजय ब्रमवंशी, मनीष गडकरी, संतोष सिंगोतिया, सचिन पांडे, तौफीक मिस्कीनी, विनोद शर्मा, भोजराज रघुवंशी, राजेश सनोडिया, राजेश दीक्षित, कलीम खान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब के सहसचिव अफ्फक हुसैन ने किया ।

बोरी बंधान किया

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा आदर्श ग्राम की परिकल्पना को साकार करने के लिये जिले में कार्यक्रमों के माध्यम से चिन्हित ग्रामों में जन जागरूकता के लिये कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा विकासखंड के ग्राम घाट परासिया के बाघ देव के पास नदी में श्रमदान से बोरी बंधान किया गया एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया ।

उप संचालक डॉ. पक्षवार ने तामिया के ग्राम जूनापानी में कड़कनाथ व बटेर फार्म का किया निरीक्षण

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार के द्वारा जिले के विकासखंड तामिया के ग्राम जूनापानी में मुकेश डेहरिया के देशी मुर्गी फार्म जिसमें कड़कनाथ एवं बटेर का एक साथ पालन किया जा रहा है का आज आकस्मिक निरीक्षण किया गया ।

निरीक्षण के दौरान श्री मुकेश डेहरिया के द्वारा बताया गया कि बटेर के अंडों को हैचरी मशीन में रखकर बटेर के बच्चे निकाले जाते हैं। हैचरी मशीन की क्षमता 3200 अण्डों की है। बटेर के बच्चे निकालने के बाद 35 दिन में बटेर मार्केट में बेचने लायक हो जाती हैए एक बटेर की कीमत जिसका वजन 200 ग्राम होता है 80 रूपये में बेची जाती है। बटेर का अण्डा 07 से 09 ग्राम का होता है, जिसमें प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है। यदि मुर्गी के 04 अण्डे खाते हैं तो बटेर के 02 अण्डेए मुर्गी के 04 अण्डों के बराबर होते हैं।

जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए हम होंगे कामयाब कार्यक्रम संपन्न

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिये हम होंगे कामयाब विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक हम होंगे कामयाब पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले में इसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग के साथ ही विभिन्न विभागों के सहयोग से जागरूकता अभियान के 16 दिवसों में राज्य, जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जागरूकता गतिविधियों का कैलेण्डर तैयार किया गया है, जिसके अनुसार 02 दिसंबर को पी सी एंड पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत लिंग चयन आधारित गर्भपात और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिये पी सी एंड पीएनडीटी एक्ट के अधिनियम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम रैली चित्रकला प्रतियोगिता सामुदायिक चर्चा आदि का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम जिले की सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों, सभी ग्राम पंचायतों एवं स्कूलों तथा कॉलेजों में आयोजित किये जायेंगे जिसकी शुरूआत हो चुकी है और अनेक स्कूलों में आयोजित हो चुके है।

सार-समाचार

यातायात पुलिस ने की वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात नियमों के उल्लघंनकर्ता वाहन चालको को व हेलमेट, सीट बेल्ट एवं चार पिहया वाहन पर काली फिल्म आदि शीर्ष में प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पांडे के मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देश के क्रम में उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे, यातायात छिंदवाड़ा के नेतृत्व में नगर निरीक्षक राकेश तिवारी, थाना प्रभारी यातायात छिंदवाड़ा द्वारा कल 01 दिसम्बर 2024 को छिंदवाड़ा पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहों पर विशेष यातायात जाँच अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात के नियमों के पालन को सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था।

इस अभियान में थानों एवं यातायात द्वारा कार्यवाही कर सयुंक्त रूप से कार्यवाही की गई। हेलमेट न पहनने वाले दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 89 पर समन शुल्क राशि 26,700 रूपये, वाहन चलाते समय चालक दारा सीट बेल्ट न पहनने के करण 11 पर 5500 रूपये समन शुल्क, वाहन चालक दारा वाहन के दस्तावेज पेश न करने पर 01 प्रकरण पर 500 रूपये, वाहन में काली फिल्म लगा होने पर 05 प्रकरण पर 2500 रूपये, नो पार्किंग पर वाहन खड़ा करने के करण 01 पर 500 रूपये समन शुल्क की राशि वसूल की गई। समस्त वाहन चालक को वाहन के दस्तावेज रखने, व यातायात क नियमों का पालन करने हेतु मूनासिब हिदायत दी गई। इस प्रकार दो पहहया एवं चार पहहया वाहन चालकों के द्वारा यातायात नियमो का उन्लघंन करते पाये जाने पर कुल 107 वाहन पर चालानी कायवाही कर 35,700/- रूपये समन शुल्क की राशि वसूल की गई। यातायात पुलिस का मूल उद्देश्य यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कायवाही करना नहीं है बल्कि वाहन चालको में यातायात नियमों का महत्व समझना एवं स्व प्रेरणा से यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया है। यातायात पुलिस के जन सामान्य से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क पर सुरक्षित रहे। यातायात पुलिस ने यह भी घोषणा की है कि ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबत किया जा सके।

डीसीए चैम्पियनशिप में ब्रेनरूई क्लब एवं रॉयल क्लब ने मैच जीतकर अगले दौर में किया प्रवेश

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आज का पहला मैच ब्रेनरूट चौरई व अक्की टिकॉन्स चांद के मध्य खेला जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए अक्की टिकॉन्स चांद ने 18.4 ओवर में 10 विकेट पर 93 रन बनाए जिसमें 16 रन अभिषेक व 15 रन अमूल वर्मा ने बनाये। 94 रनों के लक्ष्य को ब्रेनरूट चौरई ने 11.3 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। चौरई के बल्लेबाज देवेश ने 29 रन व 20 रन विशाल में बनाए। मैच 5 विकेट से ब्रेनरूट चौरई ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।आज दूसरा मैच रॉयल क्लब पालखेड व वायरस क्लब मोहखेड़ के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वायरस मोहखेड़ ने 20 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाए। जिसमें 30 रन जय चौरसिया व 26 रन लोमेश साहू ने बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल क्लब् पालखेड ने लक्ष्य 16.4 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। रॉयल क्लब के बल्लेबाज आकाश विश्वकर्मा ने 38 व मोहित ने 36 रन बनाए। मैच 4 विकेट से रॉयल क्लब पालखेड ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

कोल इंडिया सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति की बैठक कल

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कोल इंडिया सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति की मासिक बैठक कल 03 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार को परशुराम वाटिका के सामने, शुक्ला ग्राउण्ड के पास, छिन्दवाड़ा में समय दोपहर 12 बजे से रखी गयी है शाखा के संगठन मंत्री एस.एल. पवार की अध्यक्षता में रखी गयी है। जिसमें जे.टी. वर्मा, एन.पी. मिश्रा उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष हरिसिंह राजपूत एवं वहीद खान ने छिन्दवाड़ा जिले के समस्त पेंशनरों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सभा को सफल बनायें। विदित हो कि 17 दिसम्बर को पेंशनर्स डे का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है इस कार्यक्रम हेतु जानकारी भी दी जायेगी। साथ ही उन्होंने सभी सदस्यों से कहा है कि बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार रखें ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जावे। इसके अलावा बैठक में पेंशनर्स को आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की जावेगी एवं यदि किसी पेंशनर्स को कोई कठिनाई आ रही है तो वह भी बैठक में उपस्थित होकर बता सकता है की बात कही गई है।

भारतीय मजदूर संघ छिन्दवाड़ा ने किया श्रमिक संपर्क अभियान का शंखनाद

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के 70 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अखिल भारतीय केन्द्रीय कार्यसमिति तथा प्रदेश कार्यसमिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार दिनांक 01 दिसम्बर 2024 से 20 दिसम्बर 2024 तक श्रमिक संपर्क अभियान का शंखनाद किया गया। आज 01 दिसम्बर 2024 को संजय सिंह प्रांताध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के दौरान रेल्वे परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों में तथा रेल्वे की कॉलोनी में घर-घर जाकर व्यक्तिगत तौर पर संपर्क किया गया। इस अभियान के दौरान प्रदेश द्वारा प्रसारित 70 वर्ष के गौर गाथा की जानकारी संपर्क व्यक्ति को दी गयी तथा रेल्वे ने श्रमिक संघों की मान्यता के लिये 4,5,6 दिसम्बर को होने वाले मतदान में भारतीय रेल्वे मजदूर संघ से सम्बद्ध दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे मजदूर संघ के पक्ष में परिवर्तन के लिये मतदान करने का अनुरोध रेल्वे कर्मचारियों एवं श्रमिकों से किया गया। भारतीय मजदूर संघ जिला समिति के पदाधिकारी, म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ, भारतीय रेल्वे हम्माल मजदूर संघ, भारतीय प्राइवेट चालक परिचालक संघ, भारतीय ऑटो चालक संघ, एम.प्र. विद्युत सेवानिवृत्त संघ, ऑल इंडिया एस.सी./एस.टी. एसोसिएशन छिन्दवाड़ा, ऑल इंडिया ओ.बी.सी. एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने संपर्क अभियान सहभागिता की। संपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा भारतीय मजदूर संघ के उद्घोष तथा एक देश एक संगठन सबको पेंशन एक सामान आदि का बुलंद आवाज के साथ कर्मचारियों एवं ध्यानाकर्षित कराया गया। भारतीय कोयला खदान पेंच एवं कन्हान के द्वारा संपर्क अभियान के अन्तर्गत उरधन ओपन कास्ट ठेकेदारी मजदूरों से संपर्क किया गया और उन्हें भारतीय मजदूर संघ की सदस्यता लेने का आग्रह किया गया।

विभाग प्रमुख संजय शक्रवार, जिला मंत्री अर्जुन भारती के द्वारा आज 02 दिसम्बर 2024 को संपर्क अभियान के दूसरे दिन स्थानीय शासकीय कार्यालयों में संपर्क करने की योजना की घोषणा की गयी ।

सुरेन्द्र विश्वकर्मा, डी.पी. तिवारी, श्री उइके, भीम डेहरिया के द्वारा भारतीय मजदूर संघ छिन्दवाड़ा को रेल्वे चुनाव में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के समर्थन में प्रचार-प्रसार करने हेतु आभार व्यक्त किया गया ।

केश शिल्पी आर्थिक और सामाजिक रूप से सक्षम कैसे हो इस पर हो रहा प्रयास : नंदकिशोर वर्मा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। ब्लॉक सेन समाज चौरई द्वारा दीपावली मिलन समारोह में चौरई पहुंचने भारतीय सेन समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर वर्मा व मध्यप्रदेश केश शिल्पी मंडल के चेयरमेन (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) का बस स्टेंड पर नगर में उनका जगह जगह समाजिक व केश शिल्पी ने स्टाल लगाकर स्वागत किया

कार्यक्रम जनपद सभागार में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री दर्जा केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नंदकिशोर वर्मा, ऐशोशियन अध्यक्ष बंटी श्रीवास, भोला सेन (बड़वानी), डॉ. दीपक सेन (इंदौर) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सेन समाज ब्लॉक अध्यक्ष सोहन बबलू श्रीवास एवं सामाजिक लोगो द्वारा अतिथियों का शाल श्रीफल से आत्मीय अभिवादन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज की एकता दिखाई देती है ।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री वर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस केश शिल्पी मंडल कार्य योजना बना रहा है साथ ही श्री वर्मा ने समाजिक केश शिल्पी बंधुओ से अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने कहा ताकि समाज के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर ओर अन्य प्रशासनिक अधिकारी बने।

प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार ने बताया कि सबसे मध्यप्रदेश में केश शिल्पी योजना का लाभ सबसे अधिक कहीं मिला है तो वह छिंदवाड़ा जिले में मिला साथ उपस्थित जनप्रतिनिधि से समाज के लिए भूमि आवंटित करने व सेन सामुदायिक भवन बनवाने में सहयोग करने आग्रह

कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व विधायक पं रमेश दुबे, विशिष्ट अतिथि जं पंचा. अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी, नपा अध्यक्ष पूर्णिमा शरद जैनए समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार, समाज के प्रदेश प्रभारी अंकित बंदेवार, जिलाध्यक्ष हेमंत बंदेवार, सेलून मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित केश शिल्पी योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि यहां योजना उन केश शिल्पी बंधुओ के लाभकारी है जो समाज के अंतिम छोर के है ओर केश शिल्पी बंधु आर्थिक ओर समाजिक रुप कैसे विकास किया सा ही भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ लेने की अपील की। अतिथियों द्वारा समाज के वरिष्ठ जनों का समाजिक प्रतिभा वाली छात्राओं का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

अभियान चलाकर एचआईवी और एड्स के प्रति किया जागरूक

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग व राज्य एड्स नियंत्रण समिति, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, अरेरा हिल्स भोपाल से प्राप्त पत्र क्रमांक 2129 के परिपालन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ वाय के शर्मा के संरक्षण में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंशाराम उईके, प्रो. महेंद्र साहू व महिला ईकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी के मार्गदर्शन, वरिष्ठ स्वयंसेवक विशाल सलामे के नेतृत्व व रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत एड्स दिवस के अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने रेड रिबन लगाकर जनमानस को एड्स संबंधी जानकारी दी एड्स दिवस पर लोगों को एचआईवी और एड्स के प्रति जागरुक किया तथा बीमारी से हो रही मौतों को याद कर लोगों के बीच ज्यादा से ज्यादा जागरुकता फैलाई जिससे कि एड्स से पीड़ित होने के बाद भी लोग नॉर्मल लाइफ जी सकें।

इस प्रकार स्वयंसेवकों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में एड्स जागरुकता संबंधी विभिन्न स्लोगन व पोस्टर को भी अपलोड करके अन्य लोगों को प्रेरित किया इस अवसर पर पर रेड रिबन क्लब अध्यक्ष अमित बारई, वरिष्ठ स्वयंसेवक विशाल सलामे, लोकेश सनोडिया, मीडिया प्रभारी शिवसिंग डेहरिया व बलराम उईके, संकल्प विश्वकर्मा, चंचलेश साहू, आशीष वर्मा, योगेश डेहारिया, अमित चौहान, भूमिका धुर्वे, अंशिका सिंगारे, दीपाली, मुस्कान आदि स्वयंसेवको ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया।

ट्रांसमिशन नेटवर्क विस्तार में अहम भूमिका निभाने वाले सीएस ठाकुर सेवानिवृत्त

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। एम.पी. ट्रांसको (एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के अधीक्षण अभियंता सी.एस. ठाकुर को उनके सेवानिवृत्ति पर मुख्यालय जबलपुर में एक गरिमामय समारोह में विदाई दी गई। इस अवसर पर एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी द्वारा छिंदवाड़ा क्षेत्र में एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी की अद्योसरंचना विस्तार के लिये किये गये उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिये उन्हें कंपनी की तरफ से धन्यवाद दिया गया।

उल्लेखनीय है कि अधीक्षण अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुये सी.एस. ठाकुर ने सहायक अभियंता और उसके बाद कार्यपालन अभियंता के पद पर रहते हुये छिंदवाड़ा क्षेत्र में वर्षों अपनी सेवाएं दी। इस दौरान उन्होंने 220 के.व्ही. सबस्टेशन छिंदवाड़ा, 132 के.व्ही. सबस्टेशन सावरी, बिछुआ, चौरई, अमरवाड़ा के निर्माण को कठिन चुनौतियों और विपरीत परिस्थितियों में तैयार करवाया था। इस कार्यक्रम में उनके साथ परिजन भी उपस्थित थे।

प्रयाग महाकुंभ के लिए थैला थैली का संग्रहण अभियान जारी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला परासिया के उमरेठ खंड से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण गतिविधी कार्यकर्ता थैला और थैली संग्रहण का कार्य तेजी से कर रहे हैं।

उमरेठ खंड के पर्यावरण संयोजक वीरेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय तक लगभग 2000 थैली और 200 थालिया एकत्र की जा चुकी है। उक्त सामग्री खंड स्तर पर आयोजित होने वाले पथ संचलन कार्यक्रम दिनांक 8 दिसंबर 2024 को पथ संचलन के उपरांत उमरेठ में जिला अधिकारियों को सौपा जाएगा। संकलन कार्य में जितेन्द्र चंचल खण्ड कार्यवाह, दुर्गेश पवार, पंकज सोनी मोरडोंगरी, सुकदेव पवार उमरेठ, श्रवण साहू, राजू विश्वकर्मा कुण्डाली कलॉ, संजय सूर्यवंशी मानकादेही खुर्द, रामनाथ रोतिया परसोली, विजय पवार, इंदर लाल टांडेकर, मंगलू सोनी कन्हरगाँव, डूपेन्द्र ढोके डोमरी, सताप शाह उइके पटपड़ा, टिंकू विश्वकर्मा मानकादेही कलाँ आदि के द्वारा पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। विदित हो कि यह अभियान महाकुंभ में पॉलीथीन से गदंगी न हो इसलिए चलाया जा रहा है जिससे पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।